## एक नजर

### गोड़ाडीह में कार्डधारकों में बंटी धोती, साड़ी व लूंगी

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गोड़ाडीह में महिला उत्थान स्वयं सहायता समूह की जन वितरण प्रणाली दुकान में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सोना सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी व लूंगी का वितरण किया गया। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, मुखिया शोभा देवी, उप मुखिया नीलेश कुमार सिंह और समाजसेवी उदय कुमार सिंह ने इस दुकान के दर्जन भर कार्डधारकों के बीच वितरण की औपचारिकता पूरी की। उन्होंने इस समूह के डीलर को जन वितरण प्रणाली की दुकान पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित करने की हिदायत देते हुए इसमें गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

# पांकी में सार्वजनिक जमीन की बिक्री के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध

**डंडार में गैर-मंजरूआ भूमि को मुक्त कराने की मांग, अंचलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के डंडार कला पंचायत में सार्वजनिक गैर-मंजरूआ भूमि की खरीद-बिक्री के खिलाफ ग्रामीणों ने एकजुट होकर विरोध जताया। इस संबंध में सैकड़ों ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह को ज्ञापन सौंपा और तत्काल कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि खाता संख्या 430, प्लॉट 2315 पर पिछले 100 वर्षों से खेलकूद, ताजिया समारोह आदि के लिए सार्वजनिक उपयोग होता रहा है। इस मैदान के पश्चिमी छोर पर प्राथमिक विद्यालय, पूर्वी छोर पर आंगनबाड़ी केंद्र स्थित है। बावजूद इसके, कुछ लोगों ने गुपचुप तरीके से इस जमीन को जमींदार से खरीदा, जबकि यह गैर-मंजरूआ भूमि है, जिसे बेचा नहीं जा सकता।

**तनाव की स्थिति, कार्रवाई की मांग :** ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इनामुल मियां ने फिर से जमीन पर कब्जा करने की कोशिश शुरू कर दी है, जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने शांति भंग होने की आशंका जताते हुए भूमि की बिक्री को निरस्त करने और तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में मोहम्मद इकबाल, अख्तर मियां, मोइन आलम, मोहम्मद बदरुद्दीन, छोटू अंसारी, पहलाम मियां, फातिमा बीबी, अकबरी बीबी, सजदा बीबी सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

**विवाद बढ़ने पर हुई बैठक**

ग्रामीणों को जब इस मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने बैठक कर विरोध दर्ज कराया। बैठक में फैसला हुआ कि जिन लोगों ने जमीन खरीदी है, वे इसे सार्वजनिक भूमि के रूप में मान्यता दें। इस पर अजीज मियां और लेयाकत मियां ने अपनी गलती स्वीकार कर जमीन सार्वजनिक करने की सहमति दी, लेकिन कुछ अन्य लोग अभी भी कब्जा बनाए हुए हैं।

### आरोपी के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया



**सतबरवा।** एसआई विश्वनाथ कुमार राणा के नेतृत्व में पांकी पुलिस के सहयोग से शुक्रवार को फरार आरोपी के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया। सतबरवा थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी अभियुक्त अखिलेश यादव उर्फ अखिलेश पिता गली यादव पता हुटाई थाना पांकी जिला पलामू निवासी के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपका कर न्यायल में समर्पण करने का आदेशदिया है। एसआई ने बताया कि आरोपी 6 माह से फरार चल रहा है। लगातार छापेमारी की जा रही है। आरोपी अगर जल्द सरेंडर नहीं करेंगे तो उसके घर की कुर्की जप्ती भी किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### रानमे की खबर को किया ट्वीट

**मोहम्मदगंज।** युवा एक्टिविस्ट अंकू सिंह राणा ने 11 फरवरी को रानमे में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं जपला सीमेंट फैक्ट्री के गुण नियंत्रक शीर्षक से प्रकाशित समाचार को मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सहित अन्य अधिकारियों को ट्वीट करते हुए इस मामले पर संज्ञान लेने का आग्रह किया है। इसमें उन्होंने बताया है कि आर्थिक तंगी के कारण संबंधित व्यक्ति नथुनी मेहता इलाज नहीं करा पा रहे हैं। उन्होंने इनके इलाज में उचित मदद पहुंचाने की जरूरत बताया है। उन्होंने मामले में अब तक संज्ञान नहीं लेने पर चिंता जाहिर करते हुए इसे न केवल मानवता के प्रति एक गंभीर लापरवाही, बल्कि एक समाज सेवक और मजदूर के संघर्ष और समर्पण का अनादर बताते हुए इसकी आलोचना की है।

### मुगलसराय से स्पेशल ट्रेन जपला भेज कर यात्रियों को पहुंचाया गया प्रयागराज

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार की सुबह दस बजे सैकड़ों यात्री जपला स्टेशन पहुंचे। उन्हें कुंभ स्पेशल ट्रेन 08314 से इलाहाबाद जाना था। अचानक कुंभ स्पेशल ट्रेन के रद्द होने की सूचना मिलते ही यात्रियों ने रेलवे स्टेशन पर बवाल काटा। स्टेशन में बात की। स्टेशन से उन्हें मुगलसराय दूर भाष पर बात कराई गई। आरपीएफ जपला पोस्ट के इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीणा व पुलिस कर्मियों के काफी समझने के बाद यात्री शांत हुए। बाद में मुगलसराय से एक स्पेशल ट्रेन 00275 शाम 5:15 बजे जपला पहुंची। मुगलसराय से जपला भेजी गई स्पेशल ट्रेन पर सभी यात्री सवार होकर इलाहाबाद कुंभ के लिए रवाना हो गए। यात्रियों ने बताया कि रेलवे को इस तरह अचानक ट्रेन रद्द कर देने से यात्रियों को काफी परेशानी होती है।

# यूरिया खाद की किल्लत में नैनो यूरिया का छिड़काव है विकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र में अनुज्ञप्ति प्राप्त दुकानों या पैक्स में यूरिया खाद का भंडारण नहीं होने से किसानों को हो रही परेशानी पर पलामू प्रमंडल इफको के सेल्समैन दिवाकर व हैदरनगर के पैक्स अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह ने कहा कि इलाके में यूरिया खाद की किल्लत के बीच किसानों को आसान व सस्ते दर पर गेहूं सहित अन्य फसलों की खेती के लिये नैनो खाद प्रचुर मात्रा में बाजारों में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्तरों पर किसानों को जागरुकता किये जाने के बावजूद जानकारी का अभाव है। उन्होंने कहा कि इस खाद को खेतों में छिड़काव करने के लिये विभागीय स्तर पर ड्रॉन की व्यवस्था भी है। निर्धारित दर प्रति एकड़ खेतों में छिड़काव के लिये किसानों को भुगतान करना पड़ता है। नैनो खाद प्रति 500 एमएल की लिक्विड बोतल की कीमत बाजार में 225 रुपये है। एक बोतल से एक एकड़ में इसका छिड़काव हो जाता है। डिमांड अनुरुप किसानों को मशीन सहित ड्रॉन उपलब्ध कराये जाने में कहीं भी कोई परशानी नहीं है। जो यूरिया के समान ही कारगर व सस्ता भी होता है। वर्तमान में बोरा में मिलने वाली दानादार यूरिया का स्टॉक शून्य रहने व जानकारी नहीं रहने से किसानों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन खेती व अच्छी उपज करने के प्रति लगातार इस दवा के प्रयोग करने को विभिन्न स्तरों पर जागरुक करती रही है। पैक्स अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह के अलावे खाद बिक्रेता अनील कुमार, अनूप कुमार सिंह, गणेश प्रसाद आदि ने कहा कि उनके प्रतिष्ठान में नैनो यूरिया खाद का स्टॉक प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।




# पंचायत क्षेत्र का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता: मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के ग्राम पंचायत महुअरी अंतर्गत झरहा गांव में सुरेंद्र सिंह के घर से लवकुश सिंह के घर तक15 वें वित्त योजना मद की राशि से बनने वाले पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी ने नारियल फोड़ कर किया। मौके पर मुखिया सरिता कुमारी ने कहा कि पंचायत क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। महुअरी पंचायत के हर गांव में विकास योजनाओं व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विमलेश पासवान, राजेश सिंह ,अमरेंद्र सिंह ,सुनील सिंह, मुकेश कुमार सिंह ,सुधीर सिंह, कुंदन कुमार सिंह ,अमित कुमार सिंह ,मंटू सिंह, गुड्डू कुमार सिंह, बादल कुमार सिंह, अंकित कुमार सिंह समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।



# दलित टोला में सड़क नहीं बनने से बरसात में होती है परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय के सबसे नजदीकी टोले रामनगर में अभी तक पक्की सड़क नहीं बनी है। ऐसी स्थिति में खासकर, बरसात के दिनों में ग्रामीणों को होने वाली परेशानी को समझा जा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि राज्य की प्रथम पंचायती राज व्यस्था में करीब 100 फीट पीसीसी पथ निर्माण किया गया था। बाद के कार्यकाल में इस मामले में लगातार अनदेखी की जा रही है। अबतक के विधायकों और सांसदों के स्तर से भी इस पर सुधि नहीं ली गई है। जबकि इसी टोले के ग्रामीणों की पहल पर उनके श्रमदान और सहयोग से डेढ किमी कच्ची सड़क बनाई जा चुकी है। जो मुख्य मार्ग और प्रखंड मुख्यालय से दर्जनों पठारी इलाकों के गांवों में आवागमन का महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। अब तो श्रमदान से बनी इस कच्ची सड़क के दिन बहुरने की उम्मीद भी बढ गई है। वर्तमान विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने अन्य सड़कों के साथ इसे भी बेहतर तरीके से बनवाने के लिए इसकी लंबाई बढ़ाने के साथ ही मापी भी करवा दी है। बावजूद इसके श्रमदान से बनी इस सड़क से इस टोले के संपर्क को लेकर कच्ची सड़क के पक्कीकरण की दिशा में उम्मीद की कोई किरण नजर नहीं आई है। ऐसे में 5 से 25 घरों में वृद्धि के साथ 250 से अधिक आबादी वाले इस टोले के ग्रामीणों ने सड़क के मामले में उनकी उपेक्षा के प्रति असंतोष जताते हुए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से टोले की इस कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने की मांग की है।



# जलसंसाधन विभाग से एनओसी लिए बिना ही नगर पंचायत से करा दिया गया 19 लाख का सड़क निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद का एक से बढ़कर एक कारनामा सामने आ रहा है। नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा दिसंबर 2024 में 14 योजनाओं के लिए निविदा निकाली गई थी। उन योजनाओं में ही 8 नंबर पर मोहम्मदाबाद से डंपिंग साइट प्राक्कलित राशि 9,95,192 व 9 नंबर पर डंपिंग साइड से मोहम्मदाबाद मेन रोड में पीसीसी पथ का निर्माण कार्य का प्राक्कलित राशि 9,93,400 है। मजे की बात तो यह है कि नगर पंचायत के द्वारा योजनाओं के स्थल का चेक स्लिप नहीं बनवाया गया और न ही स्थल की जानकारी ली गई कि कार्य किस जगह पर होना है। वह स्थान निजी है या अन्य विभाग के अधीन है। यही वजह है कि जल संसाधन विभाग के उत्तर कोयल मुख्य नहर पर दो में से एक का पीसीसी पथ का निर्माण करा दिया गया। एक रेलवे लाइन के बगल में करा दिया गया, जबकि उस पर रोक हैं। पूर्व से मुख्य नहर के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। नहर का जीर्णोद्धार कर रही कंपनी ने हाल में ही बनी पीसीसी सड़क को उखाड़ कर फेंक दिया और उसपर मिट्टी डाल दी। बताया जाता है कि जल संसाधन विभाग से नगर पंचायत कार्यालय ने अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया था। प्रावधान के मुताबिक कोई किसी विभाग की भूमि का इस्तेमाल उसकी सहमति के बिना नहीं कर सकता है। नगर पंचायत कार्यालय के कार्यपालक पदाधिकारी एवं संवेदकों ने 26 जनवरी को आनन- फानन में नगर पंचायत की सभी 15 योजनाओं का शिलान्यास जयप्रकाश चौक पर एक कार्यक्रम आयोजित कर पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम व हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव से संयुक्त रूप से करा लिया था। जिसने कई ऐसी योजनाएं हैं, जो निजी या दूसरे विभाग की भूमि पर की जा रही हैं। वार्ड नंबर दो व तीन में पिछले बोर्ड में ली गई योजनाएं विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण लंबित हैं।



**क्या कहते है नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी**

इस मामले में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस ने बताया कि चुकी नगर क्षेत्र का कचरा फेंकने में परेशानी को देखते हुए पहले से बनी सड़क पर ही निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि जल संसाधन विभाग से एनओसी की प्रक्रिया की गई थी। उन्होंने बताया कि नहर का जीर्णोद्धार कंपनी को भी पीसीसी सड़क को उखाड़ने के पहले बताना चाहिए था। कोई रास्ता निकाला जा सकता था। उन्होंने कहा कि जनहित में पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया है। पूर्व से उस स्थान पर जो पीसीसी पथ था, वह काफी जर्जर होने की वजह कचरा फेंकने वाले वाहन फंसते थे। यही वजह है कि एनओसी की प्रक्रिया के साथ पीसीसी पथ का निर्माण करा दिया गया। उन्होंने कहा कि इस पर जल संसाधन विभाग के उच्चाधिकारियों से बात कोई रास्ता निकाला जाएगा।

### संत रविदास जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नावा बाजार।** संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर कंडा शिव स्थान प्रांगण में नवयुवक छात्र संघ के द्वारा गुरुवार के रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कंडा बाजार समिति अध्यक्ष सह समाजसेवी निरंजन राम ने अपने समर्थकों के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर कमेटी के पदाधिकारी द्वारा मंच पर सभी को माला पहना कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि निरंजन राम ने कहा कि मन चंगा, तो कठौती में गंगा। संत शिरोमणि रविदास ईश्वर के सच्चे भक्त थे। हम सबको उनके जीवनी से सीख लेने की जरूरत है। मंच पर व्यास सुनील छैला द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुरूआत करते हुए संत शिरोमणि रविदास का भजन, गुरु जी से मिलने का, सत्संग बहाना है ,इसके अलावे मन चंगा में हुई सदन कसाई, प्रेम में पी गई जहर हीराबाई ,यह दुनिया वाले क्या जाने जैसे एक से बढ़कर एक कई गीत प्रस्तुत कर संस्कृति कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर युवा समाज सेवी अरुण कुमार सिंह,अध्यक्ष असरेश रवि, गौरीशंकर रवि,अनिल पासवान, वाड सदस्य चंदन पासवान, केदार रवि,संरक्षक अनीश रवि, रामाशीष रवि, नीतीश रवि, कोषाध्यक्ष सुदामा रवि, उपेंद्र रवि, दीपू प्रजापति दशरथ महतो गणेश प्रसाद गुप्ता समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

# ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगाने जा रही छात्रा के साथ दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** एक छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना गुरुवार की है। बताया जाता है कि विद्यालय की कक्षा 10 में पढ़ने वाली एक छात्रा पूर्वाहन करीब 10:30 बजे तबीयत खराब होने तथा जन वितरण प्रणाली के इ-पॉश मशीन में अंगूठा लगाने की बात कह अपने परिचित के साथ विद्यालय से बाहर निकली थी। अपराह्न करीब 2 बजे वापस लौटने पर उसकी हालत ठीक नहीं थी। सूचना पाकर छात्रा के परिजन जब विद्यालय पहुंचे तो उसे डरी, सहमी पाया। वह नशा की हालत में प्रतीत हो रही थी। साथ ही लगातार रो रही थी। मालूम हो कि उक्त छात्रा के माता-पिता जीवित नहीं है। साथ ही बड़ी बहन बेंगलुरु में रहती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अभिभावकों तथा ग्रामीणों ने छात्रा के साथ अनहोनी का संदेह जताते हुए विद्यालय के बाहर प्रदर्शन भी किया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही प्रशिक्षु आइएएस सह छतरपुर एसडीओ आशीष गंगवार, डीएसपी अवध यादव, डीइओ सौरव प्रकाश, बीडीओ विनय कुमार व प्रभारी थाना प्रभारी नकुल शर्मा ने मामले की छान बीन की। इस मामले में पीड़ित छात्रा की चाची के आवेदन पर पिपरा थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें सुलतानी निवासी रंजन कुमार सिंह पर छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी में आरोपी द्वारा छात्रा को स्कॉर्पियो से विद्यालय के बाहर छोड़कर फरार होने की बात कही गई है। पुलिस मामला दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए मेदिनीनगर भेज दी है। छात्रा के साथ अनहोनी की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता, प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, मुखिया पति राजेंद्र यादव, रवि रौशन कुमार, प्रमोद कुमार रवि, सौरभ कुमार, अशोक सक्सेना सहित कई प्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों ने विद्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी से विद्यालय की सुरक्षा बढ़ाने, लापरवाह गार्ड पर कार्रवाई करने, छात्राओं को भोजन व अन्य सुविधा सुदृढ़ करने की मांग की है। डीइओ ने सभी मामले की जांचोंपरांत कार्रवाई करने तथा व्यवस्था में सुधार लाने का आश्वासन दिया है। इस संबंध में छतरपुर डीएसपी अवध यादव ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पुलिस अनुसंधान कर रही है। दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### एसडीएम ने बिना चालान के छरी लदे दो हाइवा किया जब्त

**चैनपुर।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मिणा ने शुक्रवार की सुबह 7 बजे छरी लदे दो हाइवा को चैनपुर थाना क्षेत्र के नेउरा मोड़ से जब्त कर चैनपुर थाना को सौंप दिया। एसडीएम ने बताया कि कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि सुबह के समय बिना चालान के ही हाइवा का परिचालन किया जा रहा है। इस आधार पर शुक्रवार की सुबह छापेमारी अभियान चलाकर दो हाइवा को जब्त कर लिया गया। आगे की कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि यह छापेमारी आगे भी जारी रहेगी।

## मौसम | तेज हवाओं और बढ़ती गर्मी से रबी फसलों पर खतरा, किसान चिंतित

# गिरते जल स्तर के कारण पटवन एक गंभीर समस्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मौसमी बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इन दिनों लगभग 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही तेज हवाओं के कारण अरहर और सरसों के पौधों से फूल झड़ रहे हैं, जबकि तीखी धूप से गेहूं के खेतों की नमी तेजी से खत्म हो रही है। इस स्थिति ने रबी फसलों की पैदावार को प्रभावित करने की आशंका बढ़ा दी है।

**जल संकट भी बना बड़ी चुनौती :** मुख्य नहर का जल प्रवाह बंद होने से खेतों में जल स्तर पहले ही गिर चुका है। किसानों को गेहूं की सिंचाई के लिए काफी मेहनत करनी पड़ रही है। अनुमान है कि आने वाले दिनों में हर 15 दिन के अंतराल पर तीन बार सिंचाई की आवश्यकता होगी, लेकिन गिरते जल स्तर के कारण यह एक गंभीर समस्या बन सकती है।

**मौसम विभाग के आंकड़े भी बढ़ा रहे चिंता**

शुक्रवार को वायु वेग 20 किमी प्रति घंटे दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 26°C और न्यूनतम 14°C रहा। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार और सोमवार को तापमान 30°C / 13°C रहने की संभावना है। बारिश की कोई संभावना नहीं है, जिससे तेज धूप और हवाओं का असर फसलों पर और गंभीर हो सकता है। किसानों का कहना है कि अभी ही फसलों की यह स्थिति है, तो आगे क्या होगा? नहर बंद होने और तेज हवाओं के कारण रबी फसलों की अच्छी पैदावार पर खतरा मंडरा रहा है। अगर मौसम जल्द नहीं बदला तो उत्पादन में भारी गिरावट हो सकती है।

# खबर का असर : पदारथडीह-राजनडीह पथ के पक्कीकरण की उम्मीद जगी

**नवीन मेल संवाददाता**


**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के ग्रामीण सड़कों के पक्कीकरण के लिए क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव के निर्देश पर विभिन्न सड़कों की मापी के दौरान इससे वंचित पदारथडीह-राजनडीह पथ की भी मापी कराई गई। बता दें कि राष्ट्रीय नवीन मेले के 5 फरवरी के अंक में पदारथडीह-राजनडीह तक के सड़क के पक्कीकरण की आस पूरी नहीं, निराशा, शीर्षक से प्रकाशित समाचार के बाद गुरुवार को ग्राम्य अभियंत्रण संगठन के कनीय अभियंता धीरेंद्र कुमार ने डीपीआर तैयार करने के लिए कई सड़कों की मापी की। इसमें यह सड़क भी शामिल थी। इस दौरान शामिल युवा राजद के प्रखंड अध्यक्ष सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि विधायक के निर्देश पर मोहम्मदगंज पंचायत अंतर्गत गोलापत्थर-करडंडा गांव के बीच काशीसोत नदी पर पुल और सड़क निर्माण को लेकर भी मापी की गई है। इससे पहले रेलवे लाइन से करडंडा गांव तक और देवीधाम से किशुनडीह नहर किनारे होते हुए भजनियां मेन रोड तक के सड़क निर्माण को लेकर मापी की गई है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण श्रमदान से बनी राजनडीह वाया रामनगर कच्ची सड़क का विस्तार करते हुए भौंराहा पहाड़ तक की कच्ची सड़क भी शामिल है। इसके अलावा आधा दर्जन अन्य कई सड़कों की भी मापी की गई है। इस मौके पर राजद के प्रखंड अध्यक्ष पंचू रजवार और गणेश मेहता भी मौजूद थे। ग्रामीणों ने विधायक के इस पहल की सराहना करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।



# जेसीएम छात्र संगठन का विश्वविद्यालय में उग्र प्रदर्शन, प्रशासन को करना पड़ा हस्तक्षेप

**परीक्षा परिणामों और नामांकन को लेकर छात्रों का आक्रोश, 24 घंटे में समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) परिसर में शुक्रवार को जेसीएम छात्र संगठन के नेतृत्व में छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। वे परीक्षा परिणामों में देरी और अन्य शैक्षणिक मांगों को लेकर नारेबाजी और धरना दे रहे थे। स्थिति बिगड़ती देख प्रशासन को दखल देना पड़ा, और मौके पर पहुंचे शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने छात्रों को समझाने की कोशिश की। तब जाकर छात्र शांत हुए।

थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने छात्रों को आश्वासन दिया कि शनिवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी उनकी मांगों को सुनेंगे। लंबी बातचीत के बाद छात्र प्रदर्शन समाप्त करने को तैयार हुए।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. रविशंकर कुमार ने बताया कि पीजी परीक्षा परिणाम इसी माह के अंत तक जारी कर दिया जाएगा। बीएड परीक्षा को लेकर कुलपति से 30 जनवरी को ही अनुमति ली गई थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से तिथि आगे बढ़ानी पड़ी।

कुलसचिव शैलेश मिश्रा ने कहा कि छात्रों की समस्याओं को राजभवन भेजा जाएगा, और वहां से जो भी निर्देश आएंगे, विश्वविद्यालय उसी के अनुसार कार्य करेगा।

जेसीएम छात्र संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर 24 घंटे के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे बड़े आंदोलन की तैयारी करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

### छात्र संगठन की प्रमुख मांगें

- पीजी सेमेस्टर 4 (2021-23), सेमेस्टर 2 (2022-24) और सेमेस्टर 1 (2023-25) के परीक्षा परिणाम जल्द जारी किए जाएं।
- यूजी जनरल सत्र 2018-21 और 2019-22 के लंबित परिणाम घोषित किए जाएं।
- यूजी एनईपी 2022-26 (सेमेस्टर 2) और 2023-27 (सेमेस्टर 1) के परिणाम शीघ्र घोषित किए जाएं।
- सभी रेगुलर एवं बैकलॉग परीक्षाओं के परिणाम अविलंब प्रकाशित किए जाएं।
- पीजी सत्र 2024-26 के नामांकन प्रक्रिया को स्पष्ट किया जाए।
- बीएड सत्र 2022-24 की सेमेस्टर 4 परीक्षा बिना कुलपति एवं प्रतिकुलपति की अनुमति के कैसे कराई जा रही है, इस पर विश्वविद्यालय स्पष्टीकरण दे।

## पेट्रोलिंग के दौरान हवलदार की हार्ट अटैक से मौत



**सहकर्मियों ने दी श्रद्धांजलि, पार्थिव शरीर सम्मानपूर्वक गांव भेजा गया**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नौडीहा थाना अंतर्गत जैप-8 के हवलदार छोटन राम की ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। शुक्रवार रात करीब एक बजे सरईडीह पिकेट में पेट्रोलिंग के दौरान उन्हें अचानक हार्ट अटैक आया, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों को सूचना दी गई। एमएमसीएच में पोस्टमार्टम के बाद पार्थिव शरीर को पुलिस केंद्र पलामू लाया गया, जहां पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारियों और जवानों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सरकारी वाहन से शव को उत्तर प्रदेश के डाला चोपन गांव भेज दिया गया। हवलदार की आकस्मिक मृत्यु से पुलिस विभाग में शोक की लहर है।

## जनता के बीच पहुंची पलामू प्रशासन समस्याओं का हुआ समाधान

**चुनहट वाटर फॉल को मिलेगा पर्यटन केंद्र का दर्जा**

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम बांसडीह खुर्द पंचायत के कोकाडु (चुनहट) गांव पहुंची, जहां जनता दरबार आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान की प्रक्रिया शुरू की गई। मौके पर बिजली, सड़क, पेंशन, स्वास्थ्य और भूमि विवाद जैसी प्रमुख समस्याओं पर चर्चा हुई, जिनका समाधान जल्द किए जाने का आश्वासन दिया गया।

**सीधा संवाद: जनता की समस्याओं पर त्वरित निर्णय :** जनता दरबार में ग्रामीणों ने बिजली की आपूर्ति, सड़क निर्माण और आंगनबाड़ी केंद्र के स्थानांतरण जैसी आवश्यक मांगें रखीं। उपायुक्त ने बिजली विभाग के अभियंता को अप्रैल तक गांव में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं, वन विभाग के साथ समन्वय कर सड़क की समस्या के समाधान पर जोर दिया। ग्रामीणों को नशामुक्ति का संदेश देते हुए प्रशासन ने नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूक किया। इसी दौरान स्वास्थ्य सेवाओं के तहत एक जले हुए बच्चे को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई।

**चुनहट वाटर फॉल में पर्यटन की संभावनाओं का आकलन :** जनता दरबार के बाद प्रशासनिक टीम ने 3 किलोमीटर पैदल चलकर चुनहट वाटर फॉल का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और आवश्यक सुविधाएं बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर वृद्धजनों को साड़ी-धोती एवं कंबल, बच्चों को स्टेशनरी, एक दिव्यांग को व्हीलचेयर और पांच महिलाओं की गोद भराई की रस्म पूरी की गई। साथ ही, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई। जनता दरबार में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, एनडीसी विक्रम कुमार, चैनपुर अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

**निर्मला मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल को मिली एनएबीएच मान्यता**

## अस्पताल के प्रति लोगों का विश्वास होगा प्रगाढ़ : डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** स्थानीय पुलिस लाइन रोड स्थित निर्मला मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर को राष्ट्रीय अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाता प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएच) की मान्यता प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि को लेकर अस्पताल के निदेशक डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया।

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि अस्पताल की स्थापना के बाद से ही उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं दी जा रही हैं। अब एनएबीएच मान्यता मिलने से अस्पताल की विश्वसनीयता और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि यह पलामू प्रमंडल का पहला अस्पताल है जिसे यह प्रमाणन प्राप्त हुआ है।

**उच्च चिकित्सा मानकों पर खरा उतरा अस्पताल**

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि एनएबीएच अस्पतालों की गुणवत्ता के अंतरराष्ट्रीय मानक तय करता है। अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं, डॉक्टरों के अनुभव, आधुनिक मशीनों एवं जीवन रक्षक उपकरणों की उपलब्धता जैसी कई कसौटियों पर खरा उतरने के बाद ही यह प्रमाणन मिलता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की स्थापना के दो वर्ष के भीतर इस मान्यता को प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि है।

**'सोल्जर टू शोल्डर' पहल से जवानों को लाभ**

अस्पताल ने सैनिकों और पुलिस बल के लिए 'सोल्जर टू शोल्डर' पहल शुरू की है। इसके तहत शहीद जवानों के परिवारों को 100% छूट और अन्य जवानों के परिवारों को इलाज में रियायत दी जाती है। डॉ. सिद्धार्थ ने आम लोगों से बिना डॉक्टर की सलाह के दर्द निवारक दवाइयों के अंधाधुंध सेवन से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि अस्पताल मरीजों की समस्याओं का जड़ से इलाज करने पर फोकस कर रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अस्पताल के एचआर हेड संतोष नारायण, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अमित कुमार सहित कई नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहे।

**मरीजों की संतुष्टि के लिए किए जा रहे विशेष प्रयास**

पत्रकारों से बात करते हुए डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि अस्पताल में अब तक कई सफल प्रत्यारोपण किए जा चुके हैं। हाल ही में 80 वर्षीय बुजुर्ग के दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण किया गया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 50 बिस्तरों की सुविधा में अपग्रेड किया गया है। अस्पताल में हड्डी रोग, रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क चोट, दंत चिकित्सा, सामान्य सर्जरी और चर्म रोग के इलाज की उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य का शुभारंभ



**शहर में जल संकट दूर करने की उम्मीद**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में जलापूर्ति योजना के तहत वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य की शुरूआत की गई। शुभारंभ विधिवत पूजा और नारियल फोड़कर किया गया।

इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने कहा कि निर्माण कार्य को समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा करना प्राथमिकता है। संबंधित कंपनी ने फरवरी के अंत तक इंटेक वेल का काम शुरू करने का आश्वासन दिया है।

शहर में पेयजल संकट को दूर करने के लिए 181 करोड़ रुपये की लागत से जलापूर्ति योजना फेज-2 का कार्य किया जा रहा है। इससे करीब डेढ़ लाख की आबादी को जलापूर्ति सुनिश्चित होगी। वर्तमान में नगर निगम की जलापूर्ति योजना केवल 20 से 25 हजार लोगों तक ही सीमित है। इस योजना के पूर्ण होने से शहर में जल संकट काफी हद तक समाप्त होने की संभावना है।

### सात लोगों ने मिलकर युवक की पिटाई, एमएमसीएच में भर्ती



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के पहाड़ी मोहल्ले में शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे दिलीप यादव पर सात लोगों ने मिलकर हमला कर दिया। घायल दिलीप यादव ने बताया कि वह अपने सेट्रिंग का पटरा लेने पहाड़ी मोहल्ले में मन के पास गया था। वहां उसने देखा कि कुछ लोग उसके पटरे को जला रहे हैं। जब उसने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उस पर बस से हमला कर दिया। दिलीप ने कहा कि वह हमलावरों को पहचानता है, लेकिन उनके नाम नहीं जानता। पेशे से ठेकेदारी करने वाले दिलीप को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### केन्द्रीय विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**चैनपुर।** पलामू जिला अंतर्गत चैनपुर प्रखंड स्थित केन्द्रीय विद्यालय में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर के चिकित्सीय दलों के द्वारा एक स्वास्थ्य व जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 328 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की और आवश्यक परामर्श प्रदान किया। साथ ही उन्हें संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य माणिक कुमार ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल बाहरी सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला है। विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता के नियमों का पालन करना चाहिए ताकि वे स्वस्थ और रोगमुक्त रह सकें। विद्यालय प्रशासन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चैनपुर की चिकित्सीय टीम का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताई।

### चेरो जनजातीय महासंघ ने वित्त मंत्री को सौंपा पांच सूत्री मांग पत्र

**सतबरवा।** आदिवासी विकास महाकुंभ मेला में पांच सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रीय चेरों जनजातीय महासंघ के हरिराम सिंह चेरों, संयोजक अवधेश सिंह चेरों समेत दर्जनों लोगों ने वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह तथा पलामू उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मेदनीराय को झारखंड सरकार द्वारा महापुरुष का दर्जा देने, पलामू किला का जीर्णोद्धार, ओंरगा नदी पर किला के पास पुल निर्माण, शाहपुर किला व लातेहार जिला के नावागढ़ किला का जिर्णोद्धार कराने की मांग शामिल है। इसी तरह सतबरवा रबदा पलामू किला जतारा मेला को राजकीय मेला का दर्जा के साथ जिला मख्यालय, जिला परिषद कार्यालय के सामने महापुरुष महाराजा मेदिनीराय का प्रतिमा स्थापित करने की मांग की।

### शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने की मांग

**हरिहरगंज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश कुमार यादव ने डीसी व सिविल सर्जन से हरिहरगंज शहरी क्षेत्र एनएच 139 किनारे वन चेकपोस्ट के पास स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के विभागीय अधिकारियों, सिविल सर्जन तथा सरकार से कई बार हरिहरगंज के पुराने सीएचसी भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग की जा चुकी है। व्यापक जनहित को देखते हुए उक्त भवन में शहरी स्वास्थ्य केंद्र संचालित किया जाना जरूरी है। मौके पर काजू कुमार, छोटू कुमार, विजय यादव, अशोक चौधरी, रविंद्र चौधरी, मुमताज आलम आदि मौजूद रहे।

### मानस महायज्ञ के श्रद्धालुओं को किया प्रोत्साहित

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने ताली गांव में चल रहे श्री रामचरितमानस नवाह पारायण पाठ महायज्ञ में श्रद्धालुओं को प्रोत्साहित किया। महायज्ञ के 16वें अधिवेशन में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए रूचिर तिवारी ने कहा कि श्री रामचरितमानस मानव जीवन को जीने की कला सिखाती है। भगवान श्री राम मनुष्य रूप में अवतरित होकर सारे कष्टों को सहते हुए अपना कर्म किए। माता-पिता, भाई, बंधु राज्य के प्रति कर्तव्य और मयार्दा का निर्वहन करना सिखाया। मौके पर सचिव विक्की तिवारी, कोषाध्यक्ष अक्षय तिवारी, महामंत्री लव प्रसाद चौरसिया, शिव ध्यान तिवारी, राहुल कुमार तिवारी, रुपेश तिवारी, रितेश कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में भर्ती



**मेदिनीनगर।** दोपहर करीब दो बजे चिंयाकी में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे सतबरवा निवासी राम सिंह (25 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे एमएमसीएच में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राम सिंह अपने घर से मेदिनीनगर आ रहा था, तभी सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। दूसरा वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार राम सिंह नशे की हालत में था और उसने हेलमेट नहीं पहना था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एक कप चाय के दाम पर मिल रहा है टमाटर

**टंडवा (चतरा)।** औद्योगिक नगरी टंडवा में एक कप चाय के दाम पर प्रति किलो टमाटर बिक रहा है। इधर टमाटर के भाव अचानक गिरने से किसान मायूस नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार पांच रूपए प्रति किलो टमाटर बेचने को मजबूर हैं। जबकि एक कप चाय के दाम पांच टका है। बताया गया कि टमाटर की अच्छी उपज के कारण टमाटर का भाव औंधे मुंह गिरा है। उपकापानी के एक किसान कहा कि बाजार में टमाटर के खरीददार नहीं मिल रहे हैं। लिहाजा औने पौने दाम में बेचना पड़ रहा है। घर से टमाटर लाने के बाद उसे लौटा कर घर ले जाने के बजाय दस रूपए में दो से तीन किलो टमाटर किसानों को बेचना पड़ रहा है।

## दूसरे स्थल पर आंगनवाड़ी भवन निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

संवाददाता नवीन मेल



**चैनपुर।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत बांसडीह खुर्द पंचायत के उलमान गांव की सेविका रूपाकली देवी ने अपने मनमानी ढंग से आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण चयनित स्थल पर ना कर वहां से लगभग आधा किलोमीटर की दूरी पर अवैध निर्माण करवा रही है। इसका विरोध गांव के लोगों ने किया। ज्ञानी सिंह ने बताया कि खाता संख्या 1 प्लॉट 933 पर स्थल चयनित होकर आंगनबाड़ी केंद्र बनना था। सेविका अपने मनमानी और तानाशाही रवैया अपनाते हुए दूसरे जगह दूसरे खाता प्लॉट पर भवन निर्माण के लिए नींव खुदवा दी। इसका ग्रामीणों ने घटना स्थल पर जाकर काम का विरोध किया। मौके पर ठेकेदार ने बताया कि मुझे जहां पर ग्रामीणों के द्वारा तथा चयनित स्थल मिलेगा मैं वहां पर भवन निर्माण कराऊंगा। सेविका अपने मनमानी से हमलोग और ग्रामीणों को परेशान कर रही है। महिलाओं ने कहा कि गांव में आंगनवाड़ी भवन बन जाने से हम लोगों को बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत मिलेगी। लेकिन जिस जगह पर सेविका भवन निर्माण करवाना चाह रही है, वहां पर हम लोग का बच्चा पहुंच भी नहीं पाएगा। मौके पर बनारसी सिंह,विनोद सिंह,छत्रधारी सिंह, सरस्वती देवी,विनेशरी देवी,फूल पाती देवी,उर्मिला देवी, सोहबतिया देवी, बासमती देवी, मनमाती देवी, कबूतरी देवी, सविता देवी, शीतल मानी देवी,मानती देवी, बिगनि देवी, पनवा देवी, उर्मिला देवी, शनिचरी देवी, बुधनी देवी, संगीता देवी उपस्थित थी।

### इमामबाड़ा परिसर में शब-ए-बरात का आयोजन

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के इमामबाड़ा वक्फ वासला बेगम में खास शब ए दारी का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों अकीदतमंदों ने शिरकत की। इस मौके पर मौलाना सजीर रिजवी ने मजलिस को खिताब करते हुए शबे बारात की अहमियत पर प्रकाश डाला और इसे इबादत, मगफिरत और रहमत की रात बताया। वही मौलाना सजीर रिजवी ने कहा की शबे बारात तौबा और दुआओं की रात मौलाना सजीर रिजवी ने अपनी तकरीर में फरमाया कि शबे बारात खुदा की रहमतों की रात है। जब बंदों की दुआएं कबूल होती हैं और गुनाहों की माफी का दरवाजा खुला रहता है। उन्होंने कहा कि इस रात को जागकर इबादत करने, सदका देने और अल्लाह से अपनी गलतियों की माफी मांगने का बड़ा सवाब बताया गया है। उन्होंने अहलेबैत की सीखों और हदीसों का हवाला देते हुए कहा कि यह रात गुनाहों से पाक होने और नेक राह पर चलने का संकल्प लेने का बेहतरीन मौका है।

**बिरयानी सेंटर से सड़क पर बहाया जा रहा गंदा पानी**

## नगर निगम की चेतावनी के बावजूद सुधार नहीं, दोबारा होगी कार्रवाई



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सद्दीक मंजिल चौक के पास स्थित बिरयानी सेंटरों से गंदा पानी सड़क पर बहाने की समस्या बनी हुई है। स्थानीय प्रशासन द्वारा पहले भी इन पर 5-5 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया था, लेकिन इसके बावजूद सड़क पर गंदगी फैलाने का सिलसिला जारी है। सद्दीक चौक से शाहपुर जाने वाली सड़क पर तीन बिरयानी सेंटर स्थित हैं, जहां से गंदा पानी सड़क पर बहाया जा रहा है। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को इससे परेशानी हो रही है। नगर निगम के सहायक आयुक्त विश्वजीत महतो ने कहा कि यदि संचालकों ने जल्द ही गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। संचालकों का कहना है कि उन्होंने पूर्व वार्ड पार्षद से नाली निर्माण की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। नगर निगम का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर गंदगी फैलाना नियमों का उल्लंघन है, और इस पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# अंडे, मछली व मुर्गियां दिखा रही हैं नई राह, पूरे झारखंड में लागू होगा बसिया मॉडल

नवीन मेल संवाददाता

**बसिया(गुमला)।** अंडा उत्पादन, मुर्गी और मत्स्य पालन से रोजगार सृजन के मामले में गुमला जिले के बसिया प्रखंड ने अब समूचे झारखंड को दिशा दिखानी प्रारंभ कर दी है। बसिया की इस पहल से अब दूसरे जिलों को सीख लेने की जरूरत है। बताते चलें कि बसिया के इस उपलब्धि की गूंज से झारखंड के कृषि, पशुपालन व सहकारिता मंत्रालय भी मंत्रमुग्ध है। यह एक बड़ा कारण है कि उपरोक्त विभागों की शिल्पी नेहा तिर्की ने गत दिनों न केवल बसिया का सघन दौरा किया बल्कि विभाग की तरफ से नोडल



अधिकारी नियुक्त कर इसे पूरे झारखंड में बढ़ावा देने का भरोसा दिया। बसिया में महिला समिति की सदस्यों और अन्य किसानों का काम से प्रभावित मंत्री ने अंडा उत्पादन और मुर्गी पालन से जुड़ी महिला समिति



की दीदियों से लंबी चर्चा की। ऐसा इसलिए कि बसिया में फेडरेशन का गठन कर राज्य के कई जिलों के महिला समितियों को इससे जोड़ा गया है और इस से अभी तक करीब पांच हजार से अधिक महिलाओं को जोड़कर ग्रामीण रोजगार में एक नई इबारत लिखी जा रही है। इसके अतिरिक्त अपने एकल प्रयास से स्थानीय किसान ज्योति लकड़ा ने यहाँ मछली पालन का एक नया अध्याय जोड़ने का काम किया है। बसिया के पोकटा गांव में पैंतालीस एकड़ जमीन से आच्छादित अठारह तालाब और देशी फार्म हाउस के माध्यम से इस किसान ने मछली, बत्तख, मूर्गी, बकरी और सुअर पालन का एक नायाब उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस संबंध में पूछे जाने पर श्री लकड़ा ने बताया कि उनके माध्यम से अब सैकडों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रोजगार मुहैया कराया जा रहा है।

## एनएच-23 पर सड़क हादसा, अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार गंभीर घायल

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के डुम्बो के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा शाम करीब 6:30 बजे हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चैनपुर थाना क्षेत्र के रातू, गंमहरिया निवासी अरुण मुंडा (29 वर्ष) बाइक से रांची जा रहे थे। इसी दौरान डुम्बो के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनका एक हाथ टूट गया। सूचना मिलते ही



भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भरनो ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों का खतरा बना रहता है।

### गुमला लिटरेचर फेस्टिवल आज से शुरू, तैयारियों का उपायुक्त ने लिया जायजा, कहा

# यह आयोजन साहित्यिक व सांस्कृतिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले में बहुप्रतीक्षित द्वितीय गुमला लिटरेचर फेस्टिवल की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह तीन दिवसीय साहित्यिक महोत्सव 15 फरवरी 2025 से शुरू होकर 17 फरवरी 2025 तक चलेगा। इस दौरान देशभर के प्रसिद्ध लेखकों, कवियों, साहित्यकारों और कथाकारों की उपस्थिति जिले के साहित्य प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव होगी। आयोजन की तैयारियों को परखने के लिए गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आज बिरसा मुंडा एग्रो पार्क का दौरा किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों संग बैठक कर संपूर्ण व्यवस्थाओं की समीक्षा की और तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने गेस्ट मैनेजमेंट, वाहन व्यवस्था, स्टेज एवं साउंड सिस्टम, लाइव स्ट्रीमिंग, सुरक्षा प्रबंधन, ट्रैफिक नियंत्रण, रजिस्ट्रेशन डेस्क, फूड काउंटर



जैसी तमाम व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन गुमला के साहित्यिक और सांस्कृतिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

**पुस्तक प्रदर्शनी से लेकर सांस्कृतिक गतिविधियों तक रहेगा खास आकर्षण :** इस फेस्टिवल में हजारों की संख्या में पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें कई प्रतिष्ठित प्रकाशक और लेखक भाग लेंगे। साहित्यिक चचाओं के अलावा, सांस्कृतिक गतिविधियां, गुमला हाट, जिले के विशेष उत्पादों की प्रदर्शनी और लाइव शो भी आयोजित किए जाएंगे। आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया है, जिससे नागरिकों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

**सभी के लिए निःशुल्क रहेगा आयोजन :** यह कार्यक्रम सभी नागरिकों के लिए निःशुल्क रहेगा, जहां टॉक शो, ओपन माइक और अन्य साहित्यिक सत्रों के माध्यम से युवाओं और साहित्य प्रेमियों को मंच मिलेगा।

**प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां :** इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गुमला, परियोजना निदेशक आईटीडीए, एसडीओ सदर, एसडीओ चैनपुर, डीसीएलआर गुमला, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, डीपीएम जेएसएलपीएस, सीडीपीओ गुमला सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन इस आयोजन को सफल बनाने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियों में जुटा हुआ है।

### भरनो में हाथी का कहर

## मुखिया समेत तीन के घरों को किया ध्वस्त ग्रामीणों ने मशाल जलाकर भगाया

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** भरनो प्रखंड के रायकेरा और समसेरा गांव में बीती रात एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने न सिर्फ तीन घरों को क्षतिग्रस्त किया, बल्कि घरों में रखा अनाज भी चट कर गया। ग्रामीणों ने मशाल जलाकर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा। घटना के बाद दहशत में आए प्रभावित परिवारों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।

**रायकेरा में पहली तबाही :** रात करीब 11 बजे अमलिया रायकेरा जंगल से निकला हाथी सबसे पहले रायकेरा गांव पहुंचा। यहां उसने प्रमिला उरांव के मिट्टी के घर पर हमला किया और उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घर के गिरने से उसमें रखा सामान पूरी तरह नष्ट हो गया।

**समसेरा में मुखिया के घर पर हमला :** इसके बाद हाथी समसेरा गांव पहुंचा, जहां उत्तरी भरनो पंचायत की मुखिया मंजू देवी के घर पर हमला किया। हाथी ने बाउंड्री की दीवार और गेट तोड़कर अंदर रखा अनाज खा लिया। हाथी



के हमले से घर के अन्य हिस्सों को भी नुकसान पहुंचा, जिससे परिवार के लोग भयभीत हो गए।

**विधवा महिला का पक्का मकान किया ध्वस्त :** इसी गांव में विधवा महिला सधनी देवी के बंद पड़े पक्के मकान को भी हाथी ने पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। घर गिरने से उसमें रखा सारा सामान बर्बाद हो गया।

**ग्रामीणों ने मशाल जलाकर भगाया :** हाथी के लगातार हमले से गांव में दहशत फैल गई। इसके बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर मशाल जलाई और तेज आवाजें निकालते हुए हाथी को जंगल की ओर खदेड़ दिया।

**वन विभाग ने शुरू की कार्रवाई :** घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम गांव पहुंची। उन्होंने प्रभावित परिवारों को मुआवजा प्रक्रिया की जानकारी दी और हाथी को दूर भगाने के लिए ग्रामीणों के बीच पटाखों का वितरण किया। ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द उचित मुआवजा देने की मांग की है।

**ग्रामीणों में दहशत, सुरक्षा की मांग :** इस घटना के बाद रायकेरा और समसेरा गांव के लोग भयभीत हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में लगातार हाथियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। उन्होंने वन विभाग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## कड़ासिली जंगल से एक अज्ञात शव किया बरामद




**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के कडासिली गांव के जंगल से लगभग 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव घाघरा पुलिस में किया बरामद गांव के ग्रामीणों ने बताया कि कुछ ग्रामीण जंगल की ओर जा रहे थे जंगल के बगल के खेत में देखा कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव खेत मे पड़ा है ग्रामीणों ने शव देख जिसकी सूचना पंचायत के मुखिया चंपा खड़िया को दिया मुखिया ने इसकी सूचना घाघरा थाना प्रभारी तरुण कुमार को बीते शाम 5:00 बजे दी सूचना पाकर घाघरा थाना से सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुचे एव शव को अपने कब्जे में लेकर रात्रि 9:00 बजे घाघरा थाना लाये। वही घाघरा पुलिस हर एक पहलू पर जांच कर रही है हत्या या आत्महत्या वही शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## श्रद्धा व आस्था के साथ मनाई गई शबे बारात, मस्जिदों में रातभर इबादत



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले में मुस्लिम समुदाय द्वारा शबे बारात का पर्व पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर एक सप्ताह पूर्व से ही मस्जिदों की सफाई और आकर्षक साज-सज्जा की गई थी।

**रातभर हुई इबादत, मगफिरत के लिए मांगी गई दुआएं :** शबे बारात के अवसर पर नमाज-ए-असर के बाद घरों में फातेहाखानी की गई, वहीं नमाज-ए-इशा के बाद मस्जिदों में पूरी रात इबादत का सिलसिला चलता रहा। महिलाओं ने भी अपने घरों में रातभर इबादत की और अल्लाह से मगफिरत (क्षमा) और बरकत की दुआएं मांगी। यह सिलसिला फज्र की नमाज तक जारी रहा, जिसके बाद लोग अपने नजदीकी कब्रिस्तानों में जाकर दिवंगत परिजनों के लिए दुआ-ए-मगफिरत की।

**गुनाहों से माफी और हाजत की रात :** भरनो जामा मस्जिद के इमाम मौलाना हुसैन बांदवी ने बताया कि शबे बारात, गुनाहों से छुटकारे और दुआओं की कबूलियत की रात होती है। इस दौरान अल्लाह से गुनाहों की माफी और इच्छाओं की पूर्ति के लिए विशेष दुआएं की जाती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस रात अल्लाह के दरबार में तमाम मखलूक का तकदीर (नसीब) लिखा जाता है।

**इबादत में जुटे सैकड़ों लोग :** इस खास मौके पर अंजुमन के नाइब सदर नूर एहसान, बंटी आलम, टीपू सुल्तान, मुस्ताक आलम, उस्मान गनी, राजा, फैज, सोनू गनी, नूर इस्लाम सहित बड़ी संख्या में इबादतगुजार शामिल रहे। मस्जिदों में रातभर रौनक बनी रही, और लोगों ने अपने लिए, अपने परिवार के लिए और समाज के लिए दुआएं मांगी।

## विशुनपुर में स्कूटी दुर्घटना, चार दोस्त गंभीर रूप से घायल

**विशुनपुर (गुमला)।** विशुनपुर थाना क्षेत्र के कोकोटोली गांव के समीप स्कूटी दुर्घटना में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में तुमसे गांव निवासी अर्जुन उरांव (19), बुधपाल उरांव (18), अमर उरांव (17) और विकास उरांव (17) शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार चारों दोस्त एक ही स्कूटी पर सवार होकर अपने घर से बनारी बाजार जा रहे थे। इस दौरान कोकोटोली गांव के पास चालक ने स्कूटी पर नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन सड़क किनारे गड्ढे में जा टकराया। हादसे में बुधपाल उरांव का दाहिना पैर टूट गया, जबकि अर्जुन उरांव के चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक स्कूटी पर चार युवकों का सवार होना लापरवाही का परिणाम है। ऐसे हादसों को रोकने के लिए युवाओं को वाहन चलाने के दौरान सतर्कता बरतनी चाहिए ।

## कोलेंग नवाडीह में डायन बिसाही, दहेज उन्मूलन व अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** पालकोट प्रखंड के कोलेंग पंचायत के नवाडीह टुकूटांगर में मयूरी ट्रस्ट और चैताली कॉलेज, गुमला के संयुक्त तत्वावधान में डायन बिसाही प्रथा, अंधविश्वास और दहेज उन्मूलन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करना और लोगों को जागरूक बनाना था।

**संकल्प लेकर किया जागरूकता का संकल्प :** इस मौके पर उपस्थित लोगों ने डायन प्रथा, अंधविश्वास और दहेज प्रथा के खिलाफ लड़ने का संकल्प दोहराया। उन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए जागरूकता फैलाने का भी प्रण लिया।

**कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल :** कार्यक्रम में मयूरी ट्रस्ट की सचिव चैताली सेन गुप्ता, डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता, हीरा सिंह, विनोद सिंह, छोटेलाल साहू, किरण देवी, झालो देवी, लुलु देवी, सुषमा कुमारी, शांति देवी, सरिता देवी, रूसैन देवी, सुनीता देवी, मुन्नी देवी, ज्योति देवी, शिव व्रत साहू, तारा देवी, महरंगी देवी, इंद्रावती देवी, सत्यनारायण साहू, अवधेश सिंह, सुभाष कुमार साहू, सुप्रितम साहू, रंथी देवी, तेतरी कुमारी, जतरी डुंगडुंग, सुगती डुंगडुंग, चामीन डुंगडुंग, रेखा देवी, प्रिया कुमारी, सृष्टि कुमारी, अनुराधा कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**समाज में जागरूकता जरूरी :** कार्यक्रम में वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि डायन प्रथा और दहेज जैसी कुरीतियों को जड़ से खत्म करने के लिए लोगों को शिक्षित और जागरूक करना बेहद जरूरी है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।



### अंधविश्वास से बचें, डायन प्रथा पर यकीन न करें : चैताली सेन गुप्ता

कार्यक्रम में मयूरी ट्रस्ट की सचिव चैताली सेन गुप्ता ने कहा कि डायन बिसाही एक सामाजिक कुरीति है, जिसे अंधविश्वास और गलत धारणाओं के कारण बढ़ावा मिलता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि डायन प्रथा पर विश्वास करना पूरी तरह गलत है और इसे जड़ से खत्म करना जरूरी है। उन्होंने दहेज प्रथा को भी समाज के लिए एक अभिशाप बताया और कहा कि शादी-विवाह में दहेज मांगने और देने की प्रथा को समाप्त करना अनिवार्य है।

### समाज को अंधविश्वास और कुरीतियों से मुक्त करें : बसंत कुमार गुप्ता

मयूरी ट्रस्ट एवं चैताली कॉलेज के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता ने कहा कि डायन बिसाही और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों को मिटाने के लिए समाज को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक समाज जागरूक नहीं होगा, तब तक इन कुरीतियों का अंत नहीं होगा। उन्होंने लोगों से अंधविश्वास को त्यागने और वैज्ञानिक सोच अपनाने की अपील की।

## शरारती तत्वों ने लगाई आग, किसान का सालभर का चारा जलकर राख



**गुमला।** भरनो प्रखंड के बस्ती पोखर टोली निवासी शनिराम भगत की सालभर की मेहनत पर शरारती तत्वों ने पानी फेर दिया। शुक्रवार दोपहर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके गाज पुवाल में आग लगा दी, जिससे पूरा चारा जलकर राख हो गया। शनिराम भगत ने बताया कि उन्होंने पारस नदी स्थित जीता पत्रा में अपने मवेशियों के लिए सालभर का चारा संग्रहित कर रखा था, लेकिन शरारती तत्वों ने उसे आग के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद उनके मवेशियों के लिए भोजन का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। इस घटना से आसपास के किसानों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने दोषियों की पहचान कर उचित कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसे कृत्य न केवल किसानों को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि उनके पशुओं की आजीविका पर भी संकट खड़ा कर देते हैं। किसान ने प्रशासन से आग लगाने वाले शरारती तत्वों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# डुमरी का अधूरा अस्पताल बना 'भूत बंगला' पांच साल में भी पूरा नहीं हुआ निर्माण

नवीन मेल संवाददाता

**डुमरी (गुमला)।** सरकार के बड़े-बड़े दावों के बावजूद डुमरी प्रखंड मुख्यालय के समीप 30 शैय्या वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निर्माण पांच वर्षों से अधर में लटका हुआ है। 10.17 करोड़ रुपये की लागत से शुरू हुई यह परियोजना अब महज एक खंडहर बनकर रह गई है। जिले के तीन उपायुक्तों ने निरीक्षण किया, लेकिन उनका तबादला हो गया और अस्पताल का निर्माण कार्य ठप पड़ा रह गया।

**स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर सिर्फ ढांचा, मरीज बेहाल :** डुमरी प्रखंड के हजारों लोग आज भी बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं से वंचित हैं। सरकार जहां स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की बात करती है, वहीं इस अस्पताल की स्थिति सरकार के दावों की पोल खोल रही है। स्थानीय लोगों को इलाज के लिए गुमला या



रांची रेफर कर दिया जाता है, जिससे मरीजों को आर्थिक और शारीरिक रूप से भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

**संवेदक ने दो साल पहले छोड़ा काम, सरकारी तंत्र उदासीन :** भवन निर्माण



विभाग द्वारा यह काम संवेदक आर.बी. कॉन, रांची को सौंपा गया था, लेकिन उसने दो साल पहले ही अधूरा छोड़ दिया। विभाग ने संवेदक को टर्मिनेट तो कर दिया, लेकिन निर्माण कार्य पूरा कराने की कोई ठोस पहल अब तक नहीं की गई। भवन में लगाए गए लोहे के सरिए जंग खा चुके हैं, दीवारें दरकने लगी हैं, और यह जगह असामाजिक तत्वों व नशेड़ियों का अड्डा बन चुकी है।

**जनता में आक्रोश, सरकार की कार्यशैली पर उठे सवाल :** स्थानीय लोगों का कहना है कि पांच साल में अस्पताल का काम पूरा न होना सरकार की विफलता को दर्शाता है। हर छोटे-बड़े इलाज के लिए मरीजों को गुमला या रांची रेफर कर दिया जाता है, जिससे गरीबों को भारी परेशानी होती है। अब सवाल यह उठता है कि क्या सरकार इस अधूरे अस्पताल के निर्माण को जल्द पूरा कराकर डुमरी के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएगी, या फिर यह प्रोजेक्ट यूं ही सरकारी फाइलों में धूल फांकता रहेगा?

## विक्रांत लोहार हत्याकांड, झांगुर ग्रुप के फरार आरोपियों के घर पहुंची पुलिस, इश्तिहार चिपकाया

नवीन मेल संवाददाता

**विशुनपुर (गुमला)।** विशुनपुर थाना क्षेत्र के देवरागनी गांव में पुलिस ने झांगुर ग्रुप के सुप्रीमो रामदेव उरांव और उसके सक्रिय साथी रमनू उरांव के घर इश्तिहार चिपकाया। शुक्रवार को थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर एसआई कामू पासवान के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव पहुंची और ढोल-नगाड़े बजाकर न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तिहार की घोषणा की।

### विक्रांत लोहार हत्याकांड के मुख्य आरोपी हैं फरार

थाना प्रभारी ने बताया कि रामदेव उरांव और रमनू उरांव, विक्रांत लोहार हत्याकांड के मुख्य आरोपी हैं और घटना के बाद से फरार चल रहे हैं। न्यायालय द्वारा जारी इश्तिहार में उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर कोर्ट में हाजिर होने का



निर्देश दिया गया है।

### समय पर पेश न होने पर होगी कुर्की-जब्ती

पुलिस ने परिजनों को साफ संदेश दिया कि अगर आरोपी तय समय में अदालत में पेश नहीं होते हैं, तो न्यायालय के आदेशानुसार उनकी कुर्की-जप्ती की जाएगी।

### पुलिस का फरार आरोपियों पर सख्त रुख

गांव में इश्तिहार चिपकाने और डुगडुगी बजाने की कार्रवाई पुलिस की सख्त मंशा को दशार्ती है। अब देखना होगा कि आरोपी स्वेच्छा से आत्मसमर्पण करते हैं या पुलिस को और कड़े कदम उठाने पड़ेंगे।

